Regarding problems faced by farmers due to excessive rain and compensation thereof

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल **(**बांदा**) :** सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान मेरे क्षेत्र के किसानों की गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । इस बार अनियमित एवं अतिवृष्टि के कारण धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है । अनेक किसानों के खेत पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं । इससे धान की उपज 40 से 60 प्रतिशत तक प्रभावित हुई है । किसानों पर आर्थिक संकट गहराया है । कटाई-मड़ाई की लागत बढ़ गई है और खरीद केन्द्रों पर उचित मूल्य, एमएसपी पर ब्रिकी में भी समस्याएं आ रही हैं । ऐसी स्थिति में किसानों को तत्काल राहत की आवश्यकता है ।

मेरा अनुरोध है कि क्षति का त्वरित सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। फसल बीमा योजना के तहत क लेम का भुगतान शीघ्र कराया जाए। धान की सरकारी खरीद में किसी भी प्रकार की कटौती या मनमानी न हो। किसानों को पूर्ण एमएसपी दिया जाए और खरीद केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जाए। प्रभावित किसानों के लिए ब्याज मुक्त ऋण, पुनर्गठन और अन्य राहतें उपलब्ध कराई जाएं। किसान हमारे अन्नदाता हैं, उनके नुकसान की भरपाई और उचित समर्थन मूल्य सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। धन्यवाद।